महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक रू०वि०/प0नि0का0/2026/ 1023-30 दिनांक: 22.06.2026

सेवा मे,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषय– विश्वविद्यालय/समर्थ पार्टल पर आन्तरिक मूल्यांकन के अंक अपलोड किये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय/महोदया,

आपको सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षाओं के सुचारू संचालन एवं परिणामों के समयबद्ध प्रकाशन हेतु संबंधित पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के आन्तरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) अंक विश्वविद्यालय पोर्टल एवं समर्थ पोर्टल पर (द्वितीय सेमेस्टर) निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय के समस्त विभागों से प्राप्त आन्तरिक मूल्यांकन के अंक सत्यापित कर दिनांक 25.06.2026 पर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त पोर्टल बंद कर दिया जाएगा तथा विलम्ब की स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि अपलोड किये जाने वाले अंक पूर्णतः सत्यापित एवं अभिलेखों के अनुरूप हो। किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करें।

भवदीय
22.6.26
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
2. मीडिया प्रभारी।
3. उप कुलसचिव (गोपनीय)।
4. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रभारी, ऑनलाइन एजेन्सी।
6. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
7. वै0 सहायक, कुलसचिव।

परीक्षा नियंत्रक